कालेजों में छात्र-छात्राएं गायब मिलने पर कुलपति हुए नाराज

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

■ यूटीयू के कुलपति ने किया तीन कालेजों का औचक निरीक्षण

देहरादून।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने बुधवार को रुड़की क्षेत्र के तीन संबद्ध संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षाओं में छात्रों की अनुपस्थिति कम होने पर कुलपति ने नाराजगी जताई।

बुधवार को कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने रुड़की में फार्मेसी कालेज, इंजीनियरिंग कालेज आईटीआर व मैनेजमेंट संस्थान आरसीएम औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फार्मेसी कालेज में प्रथम व चतुर्थ वर्ष की कक्षाएं खाली मिली।

द्वितीय वर्ष की कक्षा में 28 में से चार छात्र ही उपस्थित पाए गए। यहां तक कालेज के संचालक उपस्थिति रजिस्टर तक नहीं दिखा सके। कमोवेश ऐसी ही स्थिति आईटीआर इंजीनियरिंग कालेज और आरसीएम मैनेजमेंट कालेज में देखने को मिली। कुलपति नाराजगी जताते हुए कालेज प्रबंधन व प्रशासन को व्यवस्था में सुधार करने की हिदायत दी।

उन्होंने एकेडमिक व्यवस्था में सुधार न होने पर कालेजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने पर विश्वविद्यालय को मजबूरन किसी अन्य विकल्प पर विचार करने को मजबूर होना पड़ेगा।